# शिक्षा और संस्कृति पर ए आई का प्रभाव

डॉ पूनम बजाज, सह-आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज)

शिक्षा का अर्थ है सीखना और सिखाना और जैसा कि हम जानते हैं एआई या कृत्रिम बुद्धिमता विद्यालय शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अपने वर्चस्व को सिद्ध कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ए आई का प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूपों में दिखाई दे रहा है। कृत्रिम बुद्धिमता की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है बनावटी (कृत्रिम) तरीके से विकसित की गई बौदधिक क्षमता।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या फिर मनुष्य की तरह इंटेलिजेंस तरीके से सोचने वाला सॉफ्टवेयर बनाने का एक तरीका है। आज का भारत युवा आबादी वाला भारत है इन युवाओं को सब कुछ जल्दी-जल्दी चाहिए ए आई ने इसे बखूबी से समझा और चुटकी बजाते ही सारे सवालों के जवाब इन युवाओं के सामने आ जाते हैं ए की मदद से जटिल से अटिल सवालों के उतर कुछ सेकंड्स में मिल जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इसने बहुत बहा बदलाव ला दिया है साथ ही साथ अब इसका प्रभाव हमारी संस्कृति पर भी दिखाई देने लगा है। ए ने हमारे संवाद करने के तरीकों को बदल डाला है सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन घटित होने लगे हैं कल और मनोरंजन में बदलाव के साथ-साथ हमारे जीवन शैली भी बदलने लगी है प्रस्तुत पत्र में द्वितीय तथ्यों के आधार पर विवेचनात्मक और विश्लेषणात्मक पत्र प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।